हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 22 अगस्त 2025



04 गुरू पुष्य नक्षत्र में 70 स्कूलों के 30 हजार बच्चों को ...





08 पीएम फसल बीमा योजना से किसानों का 'मोह-भंग'






## खबर संक्षेप

### मैराथन दौड़ः अफसरों को दायित्व सौंपे गए

**विदिशा।** नशा मुक्त भारत अभियान की पांचवी वर्षगांठ के अवसर पर मैराथन का आयोजन रविवार 24 अगस्त को किया गया है। रविवार की सुबह 6 बजे से आरटीओ ऑफिस से उदयगिरी व वापसी आरटीओ ऑफिस तक मैराथन का आयोजन नशामुक्त जागरुकता अभियान के लिए किया जा रहा है। कार्यक्रम के लिये मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत विदिशा एवं अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत विदिशा सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं ।

### ओलंपस के छात्र विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी में प्रथम चेस में कांस्य पदक जीता







**विदिशा।** ओलंपस हाई स्कूल के विद्यार्थी विद्यार्थी पहर कुमार और अनंजय सिंह ने भोपाल के पोदार स्कूल में इंटर स्कूल विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में 18 से भी अधिक स्कूलों के मॉडल को पीछे छोड़ मॉडल स्मार्ट होम का मॉडल बनाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं दूसरी ओर चेस में स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ़ इंडिया की डिविजनल प्रतियोगिता में छात्र निकुंज शर्मा ने बाजी मारते हुए कांस्य पदक जीता और राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए क्वालिफ़ाई किया। बच्चों की इस सफलता पर स्कूल संचालक मोहित रघुवंशी ने उन्हे बधाई दी है।

### तैयारी और मांगों को लेकर हुई संघ की बैठक




**लटेरी।** गुरुवार को भारतीय किसान संघ की मासिक बैठक हुई। बैठक में भगवान बलराम जी की जयंती को पखवाड़े के रूप में मनाने के लिए 60 ग्राम समितियां का लक्ष्य रखा गया। वहीं किसानों की समस्याओं को लेकर भी बैठक में चर्चा की गई। 15 दिन पहले हुई अतिवृष्टि से फसल नष्ट होने से हुए नुकसान का सर्वे कराने के लिए तहसील अध्यक्ष चंद्रभान सिंह बघेल ने तहसीलदार से बातचीत कर शीघ्र सर्वे करने की बात रखी। तहसीलदार द्वारा सर्वे करने के लिए आश्वस्त किया गया। आगामी 15 सितंबर को किसानों की समस्याओं एवं मांगों को लेकर जिला मुख्यालय पर मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन दिया जाएगा।

### अकरम मंसूरी एक साल के लिए जिलाबदर

**विदिशा।** आपराधिक प्रकरणों में लिप्त लोहांगी मोहल्ला काली मस्जिद निवासी अकरम मंसूरी पिता जलाल मंसूरी उर्फ जलालुद्दीन उम्र 39 वर्ष को कलेक्टर ने एक साल के लिए जिलाबदर करने का आदेश जारी किया है। आरोपी अकरम मंसूरी सीमावर्ती जिले रायसेन, भोपाल, गुना, अशोकनगर, सागर, राजगढ़ की सीमाओं से एक साल के लिए निष्कासित है। कलेक्टर ने यह आदेश 13 अगस्त को जारी किया है। 24 घंटे के भीतर आरोपी को इन जिलों की सीमाओं को छोड़ने का आदेश दिया है। यदि आरोपी के विरुद्ध इन जिलों के न्यायालय में कोई मामले चल रहे हैं तो उन मामलों में पेशी के दिन उस जिले के न्यायालयों में आ एवं जा सकता है। लेकिन इसकी पूर्व सूचना थाना कोतवाली विदिशा में एसपी को देना अनिवार्य होगी।

### नटेरन और शमशाबाद क्षेत्र में पहुंचकर दल ने लिया सोयाबीन फसल का जायजा

# जांच दल के आने की भनक लगते ही दुकानें बंद कर भागे कीटनाशक विक्रेता

**खरपतवार नाशक दवा के छिड़काव से शमशाबाद और नटेरन क्षेत्र में बर्बाद हुई किसानों की सोयाबीन फसल की जांच के लिए टीम क्षेत्र का भ्रमण कर रही है। केंद्रीय कृषि मंत्री के आदेश पर यह कर्रवाई की जा रही है। जांच दल के आने की भनक लगते ही कार्रवाई के डर से शमशाबाद क्षेत्र के दर्जनभर से अधिक कीटनाशक दवा विक्रेता अपनी दुकानें बंद कर भाग निकले।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिले के कृषि वैज्ञानिकों के दल ने गुरुवार को नटेरन और शमशाबाद क्षेत्र में पहुंचकर एचपीएम कंपनी की खरपतवार नाशक दवा से बर्बाद हुई सोयाबीन की फसलों की जांच की।

नटेरन के गांव सेऊ, खैराई , कस्बाखेड़ी, सिरसी, नगतरा, पमारिया के किसानों ने एचपीएम कंपनी की खरपतवार नाशक का छिड़काव सोयाबीन की फसल में किया था। जिसके कारण सोयाबीन की फसल ही जल गई। पीड़ित किसानों ने जनसुनवाई में कलेक्टर अंशुल गुप्ता और विधायक सूर्यप्रकाश मीणा को ज्ञापन देकर फसल का निरीक्षण कर कंपनी से मुआवजा दिलाने की मांग की थी। वहीं विगत दिनों विदिशा आए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी अधिकारियों को निरीक्षण कर कंपनी के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे।





विदिशा। नटेरन और शमशाबाद क्षेत्र में पहुंचकर कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने बर्बाद हुई सोयाबीन की फसलों की जांच कर पंचनामा तैयार किया।

### जांच दल ने स्वीकारा 100% बर्बाद हुई फसल

**नटेरन।** केंद्रीय कृषि मंत्री और विधायक सूर्यप्रकाश मीणा के निर्देश के बाद कृषि विभाग के अधिकारी हरकत में आए और किसानों के खेतों पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

जांच दल में शामिल सहायक संचालक कृषि अविना सिंह परिहार, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी अशोक सिंह कौरव, प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी जगदीश गुर्जर, क्षेत्रीय कृषि विस्तार अधिकारी राघवेंद्र अहिरवार, कार्यालयीन कृषि विस्तार अधिकारी सत्यम नेमा ने गिरते पानी में नटेरन क्षेत्र के पीड़ित किसानों के खेतों में फसलों का निरीक्षण कर पंचनामा बनाया। 100% सोयाबीन की फसल चौपट होने की बात दल द्वारा स्वीकार की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में किसान भी मौजूद रहे। किसानों का कहना है कि उनके नुकसान की भरपाई संबंधी कीटनाशक कंपनी से कराकर कंपनी पर कठोर कार्रवाई की जाए।

### चार घंटे तक सभी दुकानें बंद कर दी गईं

**शमशाबाद।** शमशाबाद में भी निरीक्षण दल ने ग्राम पीपलधार में कृपाल सिंह यादव, ग्राम मोतीपुरा में महेंद्र सिंह किरार, ग्राम बरूआखार में शहजाद खान व ग्राम आमखेड़ा कालू में निरंजन सिंह के खेतों पर पहुंच कर फसल का निरीक्षण किया। वहीं प्लांट प्रोटक्शन ऑफीसर एसए जयप्रकाश के द्वारा बालाजी ट्रेडर्स महानीम चौराह से प्रोफेनोफास प्लस, साइपरमेथीन का सैंपल लिया गया जो की जांच के लिए भेजा गया। निरीक्षण दल की सूचना मिलने पर शमशाबाद नगर सहित महानीम चौराहा में एक दर्जन कीटनाशक व खाद वितरण केंद्र दुकानदार संचालक अपनी- अपनी दुकानों में ताला लगाकर भाग निकले और फोन पर एक दूसरे से संपर्क करते रहे लगभग 4 घंटे तक सभी कीटनाशक दवा दुकानें बंद रहीं। किसानों की शिकायतों का निरीक्षण दल द्वारा लगातार क्षेत्र में निरीक्षण किया जा रहा है।

# निर्माणाधीन मकान की चौथी मंजिल से गिरकर मजदूर की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

डंडापुरा क्षेत्र में एक निर्माणाधीन चार मंजिला मकान की चौथी मंजिल से गिरकर मजदूर की मौत हो गई। 32 वर्षीय मजदूर विनोद रैकवार चौथी मंजिल पर गिट्टी-मसाला डालने के लिए लिफ्ट मशीन लगाने का काम कर रहा था।

घायल विनोद को तत्काल मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमॉर्टम कराया। कोतवाली थाना प्रभारी आनंद राज ने बताया कि मामले की जांच की जाएगी, जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी। घटना ने सुरक्षा उपकरणों की अनिवार्यता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मजदूरों को



बिना सुरक्षा उपकरण के काम करने की अनुमति दी गई, संभवतः इसी वजह से यह दुर्घटना हुई।

### अल्पावधि स्वरोजगार प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** गर्ल्स कॉलेज में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वाधान में व्यकित्व विकास, सॉफ्ट स्किल एवं बेसिक कंप्यूटर प्रशिक्षण विषय पर 25 दिवसीय अल्पावधि स्वरोजगार प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। यह प्रशिक्षण उद्यमिता विकास केंद्र मध्यप्रदेश सेडमैप भोपाल के माध्यम से किया जा रहा है। इस रोजगार परक अभिनव योजना को छात्राओं तक पहुंचाने हेतु कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ दृढ़ संकल्पित है।प्रशिक्षण का शुभारंभ संस्था प्रमुख प्राचार्य डॉ. बीडी अहिरवार एवं मुख्य अतिथि डॉ. ब्रह्मदीप अलूने, प्राचार्य आदर्श महाविद्यालय विदिशा द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। प्राचार्य डॉ. बीडी अहिरवार ने अपने उद्बोधन में कहा कि हुनर और कौशल से ही आत्मनिर्भरता आती है, अपने पैरों पर खड़े होने एवं अर्थोपार्जन से युवाओं को जोड़ने के लिए ऐसे अल्पावधि स्वरोजगार प्रशिक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह उच्च शिक्षा विभाग की भी प्राथमिकता है।

## ऑडिटोरियम में 23 से 29 अगस्त तक होगा पुस्तक मेला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिले में पुस्तक मेला का आयोजन 23 से 29 अगस्त तक ऑडिटोरियम में सुबह 10 से रात 8 बजे तक किया जाएगा। अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर, संयुक्त कलेक्टर शशि मिश्रा और एडीएमएन एंड एफआईएन के ज्वांइट डायरेक्टर राकेश कुमार ने मीडिया कर्मियों से संवाद कर पुस्तक मेला आयोजन संबंधी जानकारियां दीं।

यह इस तरह का पहला पुस्तक मेला है जिसमें संपूर्ण भारत के लगभग 50 प्रकाशक अपनी पुस्तकों का स्टाल ऑडिटोरियम भवन में लगाएंगे। मेले में प्रवेश पूर्णता निशुल्क होगा, सभी वर्ग व आम जनमानस के लिए खुला रहेगा। मेले में स्कूल के बच्चों के लिए प्रतिदिन बाल गतिविधि सुबह 10 बजे से 10.45 बजे तक प्राथमिक व 11 बजे से 11.45 बजे तक माध्यमिक विद्यालय के लिए आयोजित की जाएंगी। जिसमें रचनात्मक व कलात्मक गतिविधियां होगी। प्रतिदिन शाम 5 बजे से 8 बजे तक सांस्कृतिक संध्या जिसमें देशभक्ति गान बच्चों के लिए क्विज, वाद विवाद, साहित्यिक परिचर्चा विदिशा के पुरातत्व सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक महत्व पर परिचय आयोजित की जाएंगी। जिसमें विदिशा के स्थानीय साहित्यकार और प्रबुद्धजन अपने विचार रखेंगे। इस पुस्तक मेले में स्थानीय लेखकों को बढ़ावा देने के लिए भी एक स्टाल अथॉरिटी ऑफ विदिशा का भी लगाया जा रहा है।

### बरसते पानी में गायत्री परिवार ने रोपे 55 पौधे

**हरिभूमि न्यूज.विदिशा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में मंगलवार को बिजली कंपनी कार्यालय में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर लगभग 55 फलदार, पुष्पदार एवं छायादार पौधे लगाए गए। प्रत्येक पौधे की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड, गोबर खाद एवं कीटनाशक दवा की व्यवस्था भी गायत्री परिवार द्वारा की गई। बरसते पानी के बावजूद गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते ही बनता था। भीगते हुए भी सभी ने पूरे जोश और श्रमदान के साथ वृक्षारोपण कर यह संदेश दिया कि पर्यावरण की रक्षा और हरियाली का संकल्प किसी भी परिस्थिति में कमजोर नहीं होना चाहिए। कार्यक्रम में एसपी रोहित काशवानी, अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर, बिजली कंपनी के महाप्रबंधक सत्येंद्र कुमार मौर्य, भोपाल के प्रबंध निदेशक तथा जिला समन्वयक गायत्री परिवार मुकेश तिवारी भी उपस्थित रहे।

## आज रात 12 बजे से शुरू होगी आर्मी भर्ती प्रक्रिया स्टेडियम में तैयारी पूरी, पुलिस और अफसर चौकन्ने

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

खेल स्टेडियम में रात 12 बजे से अग्निवीर सेना भर्ती प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। जिसकी तैयारियां पूरी कर लीं गईं हैं। गुरुवार को अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने तैयारियों का जायजा लिया। एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे ने पुलिस अधिकारी और जवानों से कहा है कि ड्यूटी पाइंट पर मुस्तैद और चौकन्ना रहें।

जिन जिलाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है उनसे अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने कहा है कि आर्मी आफिसरों द्वारा जिन कामों को करने के लिए बोला जाए उन्हीं कार्यों को करें। रेलवे स्टेशन, बसस्टैंड पर अभ्यर्थियों के लिए भर्तीस्थल खेल स्टेडियम परिसर तक आने जाने के लिए वाहन के प्रबंध, मार्ग पर लगाए गए साइनेज बोर्ड, अभ्यर्थियों को सस्ती दर पर होटल लॉज, धर्मशाला में रुकने की जानकारी ली। बसस्टैंड व रेलवे स्टेशन सूचना बोर्ड, आटो से आने जाने के लिए निर्धारित किराया के अलावा रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड तथा खेल स्टेडियम परिसर में चिकित्सीय व्यवस्था के बारे में भी जानकारी ली है।



विदिशा। स्टेडियम में पुलिस जवानों को निर्देश देते हुए अपर कलेक्टर श्री डामोर।

### प्रतिदिन 700 से 800 युवा प्रतिदिन आएंगे

खेल स्टेडियम परिसर में 22 अगस्त को बैतूल जिले के 634 अभ्यर्थी शामिल होंगे। शनिवार 23 अगस्त को छिंदवाड़ा के 373, पन्ना के 193 और नरसिंहपुर के 191, रविवार 24 अगस्त को पांर्डुना के 48, हरदा के 53, गुना के 228, राजगढ जिले के 361, सोमवार 25 अगस्त को आयोजित आर्मी भर्ती प्रक्रिया में पूर्व पंजीकृत अभ्यर्थियों में से राजगढ जिले के 747 शामिल होंगे। जबकि मंगलवार 26 अगस्त को नर्मदापुरम के 450, अशोकनगर के 49 और दमोह जिले के 200 अभ्यर्थी शामिल होंगे। इसी प्रकार बुधवार 27 अगस्त को सीहोर जिले के 769, विदिशा के 280, भोपाल के 229 तथा रायसेन जिले के 192 अभ्यर्थी शामिल होंगे।

### जन सुरक्षा कैंप आयोजित कर दी सरकार की जीवन सुरक्षा बीमा योजना की जानकारी

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर विदिशा जिले की सभी ग्राम पंचायतों में जन सुरक्षा कैंपों का आयोजन किया जा रहा है। इन कैंपों के माध्यम से ग्रामीण खाता धारकों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाया जाना सुनिश्चित किया जा रहा है। इसी के तहत आज गुरुवार को बासौदा के ग्राम अहमदपुर, ग्यारसपुर के ग्राम इकोदिया, कुरवाई के ग्राम नेहरा, लटेरी के ग्राम बलरामपुर, नटेरन के ग्राम कोलुआ, घटवाई, सिरोंज के ग्राम भोजुखेडी और विदिशा के ग्राम बैरखेडी और अहमदपुर में जन सुरक्षा कैंप का आयोजन हुआ। सभी खाता धारकों से को बताया गया कि बैंक द्वारा 20 रुपए प्रति वर्ष के मान से प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा बीमा योजना एवं 436 रुपए प्रति वर्ष के मान से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा एवं अटल पेंशन योजना इन तीनों योजनाओं का लाभ अवश्य लें। आरबीआई के नियमानुसार 10 वर्ष के बाद खाते का री- केवायसी अपडेट होना बहुत जरूरी है जिसके लिए रीकेवाय सी करवाना आवश्यक है की जानकारु भी दी गई।

## झमाझम बारिश से लबालब हुए धान के गड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

गुरुवार की रात गरज चमक के साथ झमाझम बारिश हुई। बारिश से धान के गड़े लबालब हो गए हैं। रात में बादल इतनी तीव्रता के साथ तड़के की घरों में बैठे लोग तक सहम गए। हालांकि बारिश उतनी तेज नहीं हुई। मौसम का हाल देखकर लोग मूसलाधार बारिश होने की संभावना जता रहे थे। खबर लिखे जाने तक शहर में तेज बारिश के बाद रिमझिम बारिश होती रही। जिले में पिछले 24 घंटों में 35.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई। विदिशा जिले की सामान्य वर्षा 1075.50 मिमी है। इस वर्ष अब तक 917.2 मिमी वर्षा दर्ज हो चुकी है। जबकि गतवर्ष उक्त अवधि में 806.3 मिमी हुई थी। 24 घंटे में सबसे अधिक बारिश बासौदा तहसील में 95.6 और सबसे कम पठारी तहसील में 16.2 मिमी दर्ज हुई है। इसके अलावा विदिशा में 42 मिमी, कुरवाई में 41.6 मिमी, सिरोंज में 22 मिमी, लटेरी में 28.5 मिमी, ग्यारसपुर में 46 मिमी, गुलाबगंज में 18 मिमी, नटेरन में 31 मिमी एवं शमशाबाद तहसील में 17 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।



### राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत 137 छात्रों के स्वास्थ्य का किया परीक्षण

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** जिले के पीपलखेड़ा शासकीय विद्यालय में गुरुवार को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 137 विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। परीक्षण में आधे से अधिक बच्चे स्वस्थ पाए गए। कुछ बच्चों में हीमोग्लोबिन की कमी और कमजोरी की समस्याएं सामने आईं। डॉक्टरों की टीम ने बच्चों की आंखों की रोशनी, कान की श्रवण क्षमता, दांत, हृदय रोग और दिव्यांगता समेत अन्य बीमारियों की जांच की। स्वास्थ्य विभाग ने आश्वासन दिया कि गंभीर रोग पाए जाने पर बच्चों का मुफ्त इलाज सरकारी अस्पताल में कराया जाएगा। जरूरत पड़ने पर निःशुल्क ऑपरेशन की सुविधा भी उपलब्ध होगी। शिविर में बच्चों को मल्टी विटामिन, बी कॉम्प्लेक्स, सिट्राजिन, फोलिक एसिड, ओआरएस और मेट्रोनिडाजोल जैसी दवाइयां वितरित की गईं। डॉक्टर आरती रघुवंशी, डॉक्टर राजकुमार साहू, डॉक्टर बालेंद्र प्रजापति और डॉक्टर रीना की टीम ने एएनएम स्टाफ के साथ बच्चों का परीक्षण किया।

### ग्राम पंचायत खामखेड़ा में जन सुरक्षा कैंप का आयोजन किया

# खातों को सुरक्षित व चालू रखने री-केवायसी जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

ग्राम पंचायत खामखेड़ा में भारतीय स्टेट बैंक एवं मप्र ग्रामीण बैंक द्वारा जन सुरक्षा कैंप लगाया गया।

कैंप के दौरान आरबीआई के महाप्रबंधक हेमंत सोनी ने कैम्प में मौजूद ग्राहकों एवं आमजन को बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक के नियम के अनुसार 10 साल बाद खाते को अपडेट किया जाता है। अपडेट करने के लिए फिर से-केवायसी आवश्यक है अगर हम केवायसी नहीं करवाएंगे तो हमारा खाता असुरक्षित हो जाएगा। 10 मिनिट की साधारण प्रक्रिया है। कियोस्क सेंटर पर पहुंचकर केवायसी कराना होता है। खाते में केवायसी नहीं होने पर शासन द्वारा मिलने वाली हितग्राही मूलक योजनाओं का पैसा खाते में आ तो जाएगा किंतु हितग्राही खाते से पैसा निकाल नहीं पाएगा। इसलिए री-केवायसी कराना महत्वपूर्ण है। भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक विनय कुमार ने बताया कि जन सुरक्षा कैंप के द्वारा आपकी बैंक आपके द्वारा पहुंचकर आपके गांव में ही खाताधारकों के खातों की री-केवायसी का कार्य किया जा रहा है। यह बहुत आवश्यक है।

सभी खाता धारकों से आग्रह है कि बैंक द्वारा 20 रुपए प्रति वर्ष के मान से प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा बीमा योजना एवं 436 रुपए प्रतिवर्ष के मान से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा एवं अटल पेंशन योजना इन तीनों योजनाओं का लाभ अवश्य लें आरबीआई के नियमानुसार 10 वर्ष के बाद खाते का री- के.वाय.सी अपडेट होना बहुत जरूरी है जिसके लिए री- केवायसी करवाना आवश्यक है।

इन कैंपों का मुख्य उद्देश्य लोगों को सामाजिक सुरक्षा बीमा योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना तथा खातों में री-केवायसी एवं अप्रचलित खातों के केवायसी को अपडेट कर उन्हे प्रचिलित करने से संबंधित लाभ एवं महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराना है।



## गंगाजली 13वीं भोज को सीमित रूप में करने का लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

गुरुवार को अग्रवाल धर्मशाला में दांगी क्षत्रीय समाज का भुजरियां मिलन समारोह हुआ।

भुजरियां मिलन समारोह में जिले से सैकड़ों की संख्या में समाज के लोग एकत्रित हुए। सभी ने एक दूसरे को भुजरियों की बधाई दी। समाज की कुरीतियों को समाप्त करने के लिए कुछ निर्णय लिए। जिनमें प्रमुख रूप से समाज में होने वाले गंगाजली तेरहवीं के भोज को सीमित रूप से करने की बात पर सहमति बनी एवं 50 वर्ष से कम उम्र के व्यक्तियों की अगर मृत्यु होती है तो उनका मृत्यु भोज नहीं किया जाएगा। समाज में आर्थिक कमजोर लोगों की मदद सभी समाजजन मिलकर करेंगे। उनके बच्चों की शिक्षा सही तरीके से हो सके इसके लिए समाज एकत्रित होकर काम करेगी। आगामी चुनाव में पूरी समाज संगठित होकर निर्णय करेगी आदि मुद्दों पर सर्व सम्मति से निर्णय किया गया। इसके अतिरिक्त जिला मुख्यालय पर समाज की धर्मशाला बनाने का संकल्प भी किया गया।



## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-3100
उच्चतम भाव-3340
सुजाता
न्यूनतम भाव-2560
उच्चतम भाव-2773
मालव शक्ति
न्यूनतम भाव-2530
उच्चतम भाव-2530
चना
न्यूनतम भाव-4551
उच्चतम भाव-6100
मसूर
न्यूनतम भाव-4600
उच्चतम भाव-7860
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3001
उच्चतम भाव-3325
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3515
उच्चतम भाव-4760
सरसों
न्यूनतम भाव-4810
उच्चतम भाव-6800
मूंग
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-6980
धान
न्यूनतम भाव-1970
उच्चतम भाव-2925
उड़द
न्यूनतम भाव-3900
उच्चतम भाव-6650
बटरी
न्यूनतम भाव-3200
उच्चतम भाव-3880

### कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में गुरुवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 3629 बोरे उपज की आवक हुई।

## नवांकुर विद्यापीठ, डॉल्फिन, श्रीमती रतनबाई जैन सहित अनेक स्कूलों में पिलाई औषधि

# गुरू पुष्य नक्षत्र में 70 स्कूलों के 30 हजार बच्चों को पिलाई स्वर्ण प्राशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा










बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता और शारीरिक एवं मानसिक विकास को बढ़ाने में सहायक प्राचीन आयुर्वेदिक औषधि स्वर्ण प्राशन जिसे हम सरल भाषा में इम्युनिटी बूस्टर भी कह सकते हैं, गुरुवार को जैन समाज के माध्यम से नगर के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में पहुंचकर कार्यकर्ताओं द्वारा पिलाई गई। प्रातः काल से ही जैन समाज के प्रमुख संगठन अभय सेना, युवा संघटन, जैन पाठशाला परिवार एवं मुनि भक्त परिवार के कार्यकर्ताओं ने महावीर विहार पहुंचकर मुनि संभव सागर महाराज ससंघ से आशीर्वाद लिया और नगर के सभी विद्यालयों में गुरु पुष्य नक्षत्र के शुभ अवसर पर आयुर्वेदिक इम्युनिटी बूस्टर लेकर पहुंचे। 160 कार्यकर्ताओं की टीम ने नगर के 70 विद्यालयों में पहुंचकर लगभग 30 हजार बच्चों को निःशुल्क स्वर्ण प्राशन आयुर्वेदिक औषधि पिलाई। कार्यकर्ताओं ने विशेषज्ञों द्वारा दिए गए आवश्यक दिशा निर्देशों का पालन करते हुए अपने अपने दायित्वों का कुशलता पूर्वक निर्वाहन किया और बच्चों को उनकी आयु के अनुसार औषधि का सेवन कराया। 6 माह से लेकर 3 वर्ष तक के बच्चों को स्थानीय महावीर विहार में निःशुल्क स्वर्ण प्राशन आयुर्वेदिक दवा दी गई। जैन समाज ने आयोजन के पूर्व आवश्यक शासकीय अनुमति प्राप्त की और नगर के सभी विद्यालयों में संपर्क कर आयुर्वेदिक औषधि स्वर्ण प्राशन के बारे में अवगत कराया, तो वहीं सभी विद्यालयों ने बच्चों के पालकों की सहमति लेकर आयोजन में सहयोग किया। नगर के अलावा बरेठ और उदयपुर ग्राम में संचालित विद्यालयों में भी जैन समाज के कार्यकर्ता पहुंचे और बच्चों को औषधि पिलाई। कार्यक्रम में जन प्रतिनिधियों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। इस दौरान श्रीमती रतनबाई जैन हायर सेकेण्डरी स्कूल में लगभग 1050 छात्र, छात्राओं को दवाई पिलाई गई। वहीं नवांकुर में स्वर्ण प्राशन संस्कार शिविर आयोजित कर 1558 विद्यार्थियों को स्वर्ण प्राशन बिंदु का पान कराया गया। सही पोषण देश रोशन, के उद्देश्य से परम पूज्य आचार्य श्री 108 विद्यासागर महाराज के प्रथम समाधि स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में आचार्य 108 समय सागर महाराज के मंगल आशीर्वाद एवं आचार्य 108 संभव सागर महाराज के मंगल सानिध्य में आचार्य विद्यासागर आयुर्वेदिक औषधालय एवं सकल जैन समाज के तत्वावधान में नवांकुर विद्यापीठ में स्वर्ण प्राशन संस्कार शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की कक्षा केजी 1 से हाई स्कूल के 16 वर्ष तक के 1558 विद्यार्थियों को स्वर्ण प्राशन बिंदु का पान कराया गया। उल्लेखनीय है कि स्वर्ण प्राशन बिंदु का पान करने से बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता का विकास होता है, स्मरण शक्ति, शारीरिक शक्ति एवं विश्लेषण शक्ति में वृद्धि होती है, पाचन क्रिया में सुधार होता है तथा भूख भी बढ़ती है। इस अवसर पर विपिन जैन, नोमित जैन, संभव जैन, सक्षम जैन, श्रेयांश जैन, नीरज जैन बड़कुल, वर्धमान जैन, संयम जैन बड़कुल, महिला जैन मिलन त्रिमूर्ति अध्यक्ष मोना जैन, मंत्री अंशुल जैन, साधना जैन, मुस्कान जैन आदि समस्त वीरांगनाऐं उपस्थित थीं। इस दौरान नवांकुर विद्यालय परिवार के प्राचार्य शैलेंद्र कुमार दीक्षित सहित विद्यालय परिवार के सभी सदस्य उपस्थित थे। नवांकुर परिवार ने सकल जैन समाज का आभार मानते हुए धन्यवाद दिया है।

## कार्यशाला का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गुरुवार को शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दोपहर के समय ग्रीन गणेश जागरूकता ' कार्यक्रम के अंतर्गत लाइव गणेश मूर्ति निर्माण कार्यशाला वेबिनार द्वारा आयोजित की गई। सर्वप्रथम डॉ. सुनीता ठाकुर ने विद्यार्थियों को मिट्टी द्वारा बनाए गए ग्रीन गणेश के महत्व को बताते हुए पर्यावरण एवं जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया। कार्यशाला में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर नरेंद्र कुमार, शिवानी गौर, सपना श्रीवास्तव, आरडी जाटव इको क्लब के सदस्य, विद्यार्थियों में नैंसी सेन, रमाकांत बैरागी, खुशी दांगी, सृष्टि साहू, तनु, पल्लवी रघुवंशी, स्नेहा पंथी, सोनाली यादव, सोनू रैकवार, परी ओझा समेत अन्य विद्यार्थी भी उपस्थित रहे।

### विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन

गंजबासौदा। तहसील विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में गुरुवार को शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय बहलोट में विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन अब्दुल अजहर अंसारी प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड एवं न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी के मुख्य आतिथ्य में किया गया। शिविर में भरण पोषण, स्वास्थ्य देखभाल का अधिकार, माता पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण पोषण और कल्याण अधिनियम 2007, संविधान के मूलभूत अधिकार, चिकित्सा का अधिकार, निःशुल्क विधिक सहायता, पीड़ित प्रतिकर योजना, नालसा वरिष्ठ लोगों के लिये साक्षरता शिविर,नालसा एसिड हमले के लिये पीड़ितों के लिये विधिक सहायता योजना 2018 के संदर्भ में जानकारी प्रदान की गई एवं पौधो का रोपण किया गया। शिविर में एडवोकेट संजीव कुमार अरोरा, एडवोकेट शेर सिंह यादव, प्रधानाध्यापक काशीराम मालवीय, सरपंच अशोक कुमार कुशवाह, चतुर्भुज सोनी, कल्पना ओझा, आकांक्षा शर्मा, रामप्यारी जैन, सरिता ठाकुर, सविता पंथी, आकांक्षा शर्मा, स्मृता शर्मा, ममता रघुवंशी, नीतू साहू उपस्थित रहे।

**बहुद्देशीय प्राथमिक क्रृषि साख सहकारी समिति बी पैक्स हतोड़ा**
**पंजीयन क्र 14369/11.12.1962** **दिनांक 12.08.2025**
**आम सभा सूचना**
बहुद्देशीय प्राथमिक क्रृषि साख सहकारी समिति हतोड़ा के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आम सभा दिनांक 08/09/2025 दिन सोमवार को दोपहर 12 बजे समिति कार्यालय भवन ग्राम गंज पर रखी गयी है। जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। बैठक मे कोरम पूरा न होने पर स्थगितशुदा बैठक आधा घंटे बाद पुनः उसी स्थान पर आयोजित की जाएगी, जिसमे कोरम की आवश्यकता नहीं होगी। बैठक का एजेंडा सभी सदस्यों को डाक से भेजा गया है।
प्रशासक — योगेन्द्र सोनी
प्रबंधक — चंद्रपाल राजपूत

### खबर संक्षेप

### मिट्टी के गणपति बनाने का प्रशिक्षण दिया



गंजबासौदा। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकास खंड अंतर्गत बच्चों को मिट्टी से गणपति की मूर्ति बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही उनसे यह आग्रह किया गया कि आप सभी मिट्टी निर्मित गणेश जी ही स्थापित करें और अपने गांव के कुम्हार जो मिट्टी की मूर्ति बनाने का कार्य करते हैं उनका प्रचार प्रसार करके उनका भी सहयोग करें। पर्यावरण चिंतन के साथ ही गांव में संस्कार केंद्र के महत्व को भी दर्शाया गया। नशे से होने वाले दुष्परिणाम और इससे बचने के लिए लोगों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर समाज सेविका रंजीता सिंह राजपूत, रामकमल रघुवंशी, अमित शर्मा, देवेंद्र कुमार साहू, सीमा शर्मा, ऋतु दांगी सहित समिति के सदस्य एवं छात्र, छात्राएं मौजूद थीं।

## एलबीएस कॉलेज में अभाविप ने की तालाबंदी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

एलबीएस कॉलेज से एलएलबी करने वाले विद्यार्थियों की प्रवेश प्रक्रिया लंबे समय से प्रारम्भ न होने से आक्रोशित विद्यार्थियों ने गुरुवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नेतृत्व में आंदोलन किया। आंदोलन के तहत विद्यार्थियों व परिषद कार्यकर्ताओं ने लगातार 2 घंटे महाविद्यालय में तालाबंदी कर शैक्षणिक गतिविधियाँ पूरी तरह ठप कर दीं। इस दौरान कॉलेज परिसर में विद्यार्थियों ने नारेबाजी कर शासन-प्रशासन और विश्वविद्यालय प्रबंधन का ध्यान आकर्षित किया। जिला संयोजक शुभम सिंह ठाकुर का कहना है कि प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ न होने से उनका शैक्षणिक भविष्य संकट में है। कई बार मांग उठाने और कुलपति को ज्ञापन देने के बावजूद अब तक किसी प्रकार की ठोस पहल नहीं की गई है। लगातार विरोध और दबाव के चलते नायब तहसीलदार के माध्यम से विश्वविद्यालय के कुलपति से फोन पर वार्ता कराई गई। वार्ता के दौरान कुलपति ने प्रवेश प्रक्रिया को शीघ्र प्रारम्भ कराने का स्पष्ट आश्वासन दिया। कुलपति से आश्वासन मिलने के उपरांत, परिषद पदाधिकारियों ने ज्ञापन सौंपा और आंदोलन को समाप्त किया। इस अवसर पर गजेंद्र राजपूत ने कहा कि विद्यार्थियों का भविष्य सर्वोपरि है। यदि निर्धारित समय सीमा में प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ नहीं की गई, तो परिषद आने वाले दिनों में और उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

### बासौदा में हुई सर्वाधिक बारिश

गंजबासौदा। जिले में पिछले 24 घंटो में हुई बारिश की जानकारी देते हुए अधीक्षक भू-अभिलेख सविता पटेल ने बताया कि गुरूवार को सुबह आठ बजे तक जिले में 35.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है। ज्ञात हो कि जिले की सामान्य वर्षा 1075.50 मिमी है। इस वर्ष अब तक 917.2 मिमी वर्षा दर्ज हो चुकी है जबकि गत वर्ष उक्त अवधि में 806.3 मिमी हुई थी। गुरूवार को सर्वाधिक वर्षा गंजबासौदा तहसील में 95.6 मिमी दर्ज की गई है। इस बारिश को मिलाकर अभी तक नगर में 834.1 मिमी पानी बरस चुका है। जबकि इलाके की औसत बारिश करीब 1000 मिमी है।

**बहुद्देशीय प्राथमिक क्रृषि साख सहकारी समिति बी पैक्स मसूदपुर**
**पंजीयन क्र 253/10.05.1963** **दिनांक 12.08.2025**
**आम सभा सूचना**
बहुद्देशीय प्राथमिक क्रृषि साख सहकारी समिति मसूदपुर के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आम सभा दिनांक 01/09/2025 दिन सोमवार को दोपहर 12 बजे समिति कार्यालय भवन मसूदपुर पर रखी गयी है। जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। बैठक मे कोरम पूरा न होने पर स्थगितशुदा बैठक आधा घंटे बाद पुनः उसी स्थान पर आयोजित की जाएगी, जिसमे कोरम की आवश्यकता नहीं होगी। बैठक का एजेंडा सभी सदस्यों को डाक से भेजा गया है।
प्रशासक — योगेन्द्र सोनी
प्रबंधक — नवल सिंह दांगी

**बहुद्देशीय प्राथमिक क्रृषि साख सहकारी समिति बी पैक्स ककरावदा**
**पंजीयन क्र 4677/28.1.1963** **दिनांक 12.08.2025**
**आम सभा सूचना**
बहुद्देशीय प्राथमिक क्रृषि साख सहकारी समिति ककरावदा के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आम सभा दिनांक 02/09/2025 दिन मंगलवार को दोपहर 12 बजे समिति कार्यालय भवन ककरावदा पर रखी गयी है। जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। बैठक मे कोरम पूरा न होने पर स्थगितशुदा बैठक आधा घंटे बाद पुनः उसी स्थान पर आयोजित की जाएगी, जिसमे कोरम की आवश्यकता नहीं होगी। बैठक का एजेंडा सभी सदस्यों को डाक से भेजा गया है।
प्रशासक — योगेन्द्र सोनी
प्रबंधक — राजेश यादव

**बहुद्देशीय प्राथमिक क्रृषि साख सहकारी समिति बी पैक्स पिपरिया जाजौन**
**पंजीयन क्र 428/13.03.1965** **दिनांक 21.08.2025**
**आम सभा सूचना**
बहुद्देशीय प्राथमिक क्रृषि साख सहकारी समिति पिपरिया जाजौन के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आम सभा दिनांक 04/09/2025 दिन गुरूवार को दोपहर 12 बजे समिति कार्यालय भवन पिपरिया जाजौन पर रखी गयी है। जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। बैठक मे कोरम पूरा न होने पर स्थगितशुदा बैठक आधा घंटे बाद पुनः उसी स्थान पर आयोजित की जाएगी, जिसमे कोरम की आवश्यकता नहीं होगी। बैठक का एजेंडा सभी सदस्यों को डाक से भेजा गया है।
प्रशासक — योगेन्द्र सोनी
प्रबंधक — महेन्द्र कुमार शर्मा

**बहुद्देशीय प्राथमिक क्रृषि साख सहकारी समिति बी पैक्स हरगनाखेडी**
**पंजीयन क्र 8448/12.02.1962** **दिनांक 20.08.2025**
**आम सभा सूचना**
बहुद्देशीय प्राथमिक क्रृषि साख सहकारी समिति हरगनाखेडी के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आम सभा दिनांक 08/09/2025 दिन सोमवार को दोपहर 12 बजे समिति कार्यालय भवन हरगनाखेडी पर रखी गयी है। जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। बैठक मे कोरम पूरा न होने पर स्थगितशुदा बैठक आधा घंटे बाद पुनः उसी स्थान पर आयोजित की जाएगी, जिसमे कोरम की आवश्यकता नहीं होगी। बैठक का एजेंडा सभी सदस्यों को डाक से भेजा गया है।
प्रशासक — योगेन्द्र सोनी
प्रबंधक — ब्रजेश कुमार पवार

**बहुद्देशीय प्राथमिक क्रृषि साख सहकारी समिति बी पैक्स ऐंचदा**
**पंजीयन क्र 813/24.03.1967** **दिनांक 21.08.2025**
**आम सभा सूचना**
बहुद्देशीय प्राथमिक क्रृषि साख सहकारी समिति ऐंचदा के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आम सभा दिनांक 08/09/2025 दिन सोमवार को दोपहर 1 बजे समिति कार्यालय भवन ऐंचदा पर रखी गयी है। जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। बैठक मे कोरम पूरा न होने पर स्थगितशुदा बैठक आधा घंटे बाद पुनः उसी स्थान पर आयोजित की जाएगी, जिसमे कोरम की आवश्यकता नहीं होगी। बैठक का एजेंडा सभी सदस्यों को डाक से भेजा गया है।
प्रशासक — सुरेश बरकडे
प्रबंधक — प्रतापभानु सिंह राजपूत

**बहुद्देशीय प्राथमिक क्रृषि साख सहकारी समिति बी पैक्स गमाकर**
**पंजीयन क्र 68/03.01.1961** **दिनांक 18.08.2025**
**आम सभा सूचना**
बहुद्देशीय प्राथमिक क्रृषि साख सहकारी समिति गमाकर के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आम सभा दिनांक 04/09/2025 दिन गुरूवार को दोपहर 1 बजे समिति कार्यालय भवन गमाकर पर रखी गयी है। जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। बैठक मे कोरम पूरा न होने पर स्थगितशुदा बैठक आधा घंटे बाद पुनः उसी स्थान पर आयोजित की जाएगी, जिसमे कोरम की आवश्यकता नहीं होगी। बैठक का एजेंडा सभी सदस्यों को डाक से भेजा गया है।
प्रशासक — योगेन्द्र सोनी
प्रबंधक — अशोक सिंह रघुवंशी

### जिला स्तरीय प्रतियोगिता में हुआ सम्मान

# राज्यमंत्री ने किया वेदांत आश्रम के विद्यार्थियों का सम्मान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

कालिदास संस्कृत अकादमी मप्र संस्कृति परिषद उज्जैन एवं जिला शिक्षा प्रकोष्ठ के संस्कृत विभाग के संयुक्त निर्देशन में संस्कृत गौरव सप्ताह के अंतर्गत विदिशा में आयोजित हुई जिला स्तरीय प्रतियोगिता में नगर के संत श्री जगन्नाथदास संस्कृत उमा विद्यालय के बटुक विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर संस्कृत गीत एवं संवाद प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल किया है। बुधवार को विदिशा के रविंद्रनाथ टैगोर सांस्कृतिक भवन में आयोजित हुए जिला स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह में मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व (स्वत्रंत प्रभार) राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी, विदिशा विधायक मुकेश टंडन सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में प्रतियोगिता में शामिल रहे वेदांत आश्रम के प्रतिभागियों को गरिमामय समारोह में सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि जगद्गुरु डॉ. रामकमलाचार्य महाराज द्वारा जीवाजीपुर में स्थापित वेदांत आश्रम के संत श्रीजगन्नाथदास संस्कृत विद्यालय ने एक बार फिर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। संस्कृत गौरव सप्ताह की जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न श्रेणियां में पुरस्कार अर्जित किए हैं। आयोजकों और निर्णायकों ने भी संत श्रीजगन्नाथदास संस्कृत विद्यालय के छात्रों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि गंजबासौदा के छात्रों ने जिस समर्पण और आत्मविश्वास से भाग लिया, वह वास्तव में प्रेरणादायी है। आश्रम के महंत हरिदास जी महाराज ने बताया कि जगद्गुरु जी के आशीर्वाद, विद्यालय के प्राचार्य, आचार्य और शिक्षकगणों के साथ-साथ विद्यार्थियों की लगन, मेहनत और समर्पण से यह उपलब्धि मिली है। वेदांत आश्रम ट्रस्ट के सदस्यों और नगरवासियों,ने छात्रों को बधाइयाँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। संस्कृत गौरव सप्ताह के अंतर्गत विदिशा में आयोजित हुई प्रतियोगिता में माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक कक्षा के 15 से अधिक विद्यालयों के विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान नगर के वेदांत आश्रम के विद्यार्थी सिद्धांत भार्गव ने संस्कृत गीत प्रतियोगिता में मधुर स्वर और शुद्ध उच्चारण से प्रस्तुति देते हुए निर्णायकों को प्रभावित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। संवाद प्रतियोगिता में अमन शर्मा, रोहित बैरागी ने अपने तर्क, प्रस्तुति और संस्कृत संभाषण कौशल में द्वितीय स्थान पाया। कनिष्ठ वर्ग गीत प्रतियोगिता में पवन बैरागी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

**बहुद्देशीय प्राथमिक क्रृषि साख सहकारी समिति बी पैक्स किर्रोदा**
**पंजीयन क्र 414/10.02.1962** **दिनांक 18.08.2025**
**आम सभा सूचना**
बहुद्देशीय प्राथमिक क्रृषि साख सहकारी समिति किर्रोदा के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आम सभा दिनांक 03/09/2025 दिन बुधवार को दोपहर 12 बजे समिति कार्यालय भवन किर्रोदा पर रखी गयी है। जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। बैठक में कोरम पूरा न होने पर स्थगितशुदा बैठक आधा घंटे बाद पुनः उसी स्थान पर आयोजित की जाएगी, जिसमे कोरम की आवश्यकता नहीं होगी। बैठक का एजेंडा सभी सदस्यों को डाक से भेजा गया है।
प्रशासक — सुरेश बरकडे
प्रबंधक — मनोज शर्मा

**बहुद्देशीय प्राथमिक क्रृषि साख सहकारी समिति बी पैक्स पबई**
**पंजीयन क्र 051/16.09.1961** **दिनांक 20.08.2025**
**आम सभा सूचना**
बहुद्देशीय प्राथमिक क्रृषि साख सहकारी समिति पबई के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आम सभा दिनांक 06/09/2025 दिन शनिवार को दोपहर 12 बजे समिति कार्यालय भवन पबई पर रखी गयी है। जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। बैठक में कोरम पूरा न होने पर स्थगितशुदा बैठक आधा घंटे बाद पुनः उसी स्थान पर आयोजित की जाएगी, जिसमे कोरम की आवश्यकता नहीं होगी। बैठक का एजेंडा सभी सदस्यों को डाक से भेजा गया है।
प्रशासक — योगेन्द्र सोनी
प्रबंधक — नरेन्द्र सिंह यादव

**बहुद्देशीय प्राथमिक क्रृषि साख सहकारी समिति बी पैक्स पैरवासा**
**पंजीयन क्र 831/29.06.1962** **दिनांक 14.08.2025**
**आम सभा सूचना**
बहुद्देशीय प्राथमिक क्रृषि साख सहकारी समिति पैरवासा के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आम सभा दिनांक 03/09/2025 दिन बुधवार को दोपहर 1 बजे समिति कार्यालय भवन ग्राम महू पर रखी गयी है। जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। बैठक में कोरम पूरा न होने पर स्थगितशुदा बैठक आधा घंटे बाद पुनः उसी स्थान पर आयोजित की जाएगी, जिसमे कोरम की आवश्यकता नहीं होगी। बैठक का एजेंडा सभी सदस्यों को डाक से भेजा गया है।
प्रशासक — सुरेश बरकडे
प्रबंधक — प्रकाश कुमार मीना

**सहकारी बैंक कर्मचारी सहकारी साख समिति मर्यादित**
**विदिशा मुख्यालय, गंजबासौदा**
**पंजीयन क्र 4262/27.03.1938** **दिनांक 21.08.2025**
**वार्षिक आम सभा सूचना**
समिति के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक साधारण सभा की बैठक दिनांक 05/09/2025 दिन शुक्रवार, समय दोपहर 1 बजे स्थान श्रीनाथ मांगलिक भवन, मार्केटिंग सोसायटी के सामने गंजबासौदा पर आयोजित की गई है। जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। बैठक में कोरम पूरा न होने पर स्थगितशुदा बैठक आधा घंटे बाद पुनः उसी स्थान पर आयोजित की जाएगी, जिसमे कोरम की आवश्यकता नहीं होगी।
अध्यक्ष — केशव सिंह यादव
प्रबंधक — प्रमोद तिवारी

एलबीएस कॉलेज परिसर में प्रस्फुटन समितियों का प्रशिक्षण एवं कार्यशाला संपन्न

# स्वदेशी, आत्मनिर्भर भारत और नशा मुक्ति पर किया गया विस्तार से विमर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज




गुरुवार को मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की तहसील स्तरीय प्रस्फुटन समितियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग एवं कार्यशाला नगर के लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर नगर का शैक्षिक वातावरण समाजसेवा और जनजागरण के स्वर से गूंजता रहा। इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं समाजसेवी डॉ. माधवी माथुर, मुख्य वक्ता वरिष्ठ समाजसेवी चक्रेश श्रीवास्तव, संभाग समन्वयक वरुण आचार्य, जिला समन्वयक पूजा श्रीवास्तव, समाजसेवी पंकज श्रीवास्तव तथा ब्लॉक समन्वयक चरण सिंह दांगी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

इस अवसर मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए वरिष्ठ समाजसेवी चक्रेश श्रीवास्तव ने स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत पर विस्तार से विचार रखे। उन्होंने कहा कि स्थानीय उत्पादों और संसाधनों के प्रयोग से न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी बल्कि देश को वैश्विक स्तर पर मजबूती भी मिलेगी। श्रीवास्तव ने युवाओं से आह्वान किया कि वे स्वदेशी उत्पादों का उपयोग कर छोटे उद्योगों को बढ़ावा दें और रोजगार सृजन में सहयोगी बनें। वही मुख्य अतिथि डॉ. माधवी माथुर ने नशा मुक्ति, स्वदेशी उत्पादों के महत्व और संस्कार केंद्रों की स्थापना पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि नशा समाज को खोखला कर रहा है और इसके खिलाफ जन जागरण आवश्यक है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे नशे जैसी बुराइयों से दूर रहें और संस्कार, शिक्षा एवं सकारात्मक गतिविधियों की ओर अग्रसर हों। उन्होंने बताया कि संस्कार केंद्र समाज में सामूहिक चेतना और नैतिक मूल्यों को जीवित रखने का सशक्त माध्यम बन सकते हैं। समाजसेवी पंकज श्रीवास्तव ने नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए कहा कि यह केवल व्यक्ति को ही नहीं बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है।

उन्होंने उदाहरण प्रस्तुत करते हुए कहा कि नशा परिवार की आर्थिक स्थिति को कमजोर करता है और सामाजिक ताने-बाने को भी तोड़ देता है। इस अवसर पर इमलानी सेक्टर के नवांकुर प्रभारी अंकित पाठक ने स्वदेशी संकल्प का सामूहिक वाचन कराया। सभी उपस्थित जनों ने स्वदेशी अपनाने और समाजहित के कार्यों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का आभार विकासखंड समन्वयक चरण सिंह दांगी ने व्यक्त किया, जबकि मंच संचालन नवांकुर संस्था प्रमुख प्रमोद रघुवंशी ने किया। इस दौरान नवांकुर संस्था प्रमुख रामचरण कुर्मी, देवेंद्र विश्वकर्मा, किशोर कुर्मी, परामर्शदाता कृष्णचंद पटेल आदि मौजूद थे।

### पौधरोपण के साथ हुआ कार्यक्रम का समापन



*वही इस कार्यक्रम का समापन पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ वृक्षारोपण कर किया गया। इस अवसर पर सभी अतिथियों और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक पौधारोपण में भाग लिया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने कहा कि वृक्ष जीवन का आधार हैं और इनके बिना स्वस्थ समाज और स्वच्छ वातावरण की कल्पना संभव नहीं है। सभी ने यह संकल्प लिया कि वे न केवल स्वयं अधिकाधिक वृक्षारोपण करेंगे, बल्कि समाज में भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाएँगे। विद्यार्थियों ने इस अवसर को यादगार बनाने हेतु परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए और उन्हें संरक्षित रखने की जिम्मेदारी भी ली।*

### माटी के गणेश, सिद्ध गणेश पर डाला प्रकाश

जिला समन्वयक पूजा श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए नवांकुर संस्थाओं और प्रस्फुटन समितियों के कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ये समितियां शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जागरूकता जैसे विषयों पर लगातार कार्य कर रही हैं। वही संभाग समन्वयक वरुण आचार्य ने माटी गणेश, सिद्ध गणेश और नवांकुर सखी जैसी गतिविधियों पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि ये कार्यक्रम समाज में रचनात्मकता और पर्यावरण संरक्षण के संदेश को प्रबल करते हैं। इसी क्रम में नगर के प्रख्यात मूर्तिकार सीताराम प्रजापति ने उपस्थित लोगों को माटी से गणेश प्रतिमा बनाने का प्रशिक्षण दिया।

कम उम्र में बड़ी सफलता से पेश किया नया उदाहरण

# जीविका और जैनम जैन ने कम उम्र में पास की आईजीसीएसई 10वीं की परीक्षा

## हरिभूमि से चर्चा के दौरान बोले-सीखने की कोई उम्र नहीं होती, मेहनत और प्लानिंग से सब कुछ हो जाता है संभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

मेहनत, लगन और अनुशासन का शानदार उदाहरण देते हुए 10 वर्षीय जीविका जैन और 13 वर्षीय जैनम जैन ने आईजीसीएसई 10वीं की बोर्ड परीक्षा पास की। यह सफलता उनकी बुद्धिमानी, एकाग्रता और पढ़ाई के प्रति समर्पण को दिखाती है। भारत में जन्मे और दुबई में पले-बढ़े इन बच्चों ने जेजेफन टाइम नाम के यूट्यूब चैनल से शुरुआत की थी। पहले खिलौनों के वीडियो बनाते थे, फिर धीरे-धीरे पढ़ाई से जुड़े वीडियो, साइंस प्रयोग और क्रिएटिव चुनौतियाँ बनाने लगे। इससे उनकी जिज्ञासा और पढ़ाई की आदत मजबूत हुई। दोनों ने मिलकर 1 एक्सएल नाम का प्लेटफ़ॉर्म शुरू किया है, जो बिज़नेस शिक्षा और मेंटरशिप को नई दिशा देता है। वे दोनों टेडएक्स स्पीकर भी हैं और दुनिया भर के बच्चों को प्रेरित कर रहे हैं।



### दोनों की यह बड़ी उपलब्धियां

जीविका जैन और जैनम जैन ने 50 दिन में धार्मिक पुस्तक का अध्ययन,50 दिन में 50 नेटवर्किंग कार्यक्रम,50 दिन में 50 सेल्फ हेल्प किताबें पढ़ीं,50 दिन में 50 नई स्किल्स सीखी, 50 दिन में 120 कार्यक्रम किए। साल 2025 में उन्होंने एग्जाम मिशन 105 नाम की चुनौती ली। सिर्फ 65 दिन पढ़ाई की और 40 दिन में परीक्षा दी। इस दौरान अपनी तैयारी और पढ़ाई के टिप्स उन्होंने जेजे मिशन डेली चैनल पर शेयर किए। तो वही सेवा भावना के तहत उन्होंने जीओ हॉटस्टार डॉट कॉम नाम का डोमेन खरीदा और रिलायंस कंपनी को गिफ्ट कर दिया, खुद इस्तेमाल नहीं किया। उन्होंने डीमस टू रीयॉल्टी नाम की किताब लिखकर अपनी यात्रा और सेवा के महत्व को साझा किया। वर्श 2025 में उन्होंने 200 पॉडकास्ट बनाने का लक्ष्य रखा है, जो द जीनम शॉ और द जिविका शॉ यूट्यूब चैनल पर देखे जा सकते हैं।

### हरिभूमि से चर्चा में बोले जैनम और जीविका

तो वही जीविका जैन और जैनम जैन को मिले सम्मान और पुरस्कार की बात की जाए तो उन्हें सीवाईएल सुपर हीरो अवार्ड अभिनेता सोनू सूद और स्पीकर स्नेह देसाई द्वारा,बाल रत्न पुरस्कार महाराष्ट्र सरकार से जैन स्टार पुरस्कार,नेशनल यंग अचीवर्स अवॉर्ड और अन्य पुस्कार से सम्मानित हो चुके है। तो वही हरिभूमि सवांददाता राजीव जैन सैनानी से विशेश चर्चा के दौरान जैनम और जीविका ने कहा कि सीखने की कोई उम्र नहीं होती। मेहनत और प्लानिंग से सब कुछ संभव है। यह सिर्फ नंबरों की बात नहीं है, बल्कि आत्मविश्वास, समय प्रबंधन और लगातार मेहनत की बात है। साथ ही उनके पिता डॉ. धिरज जैन ने कहा कि अनुशासन, एकाग्रता और सेवा से कुछ भी संभव है। वही मां डॉ. ममता धिरज जैन ने कहा कि उनकी सफलता में पढ़ाई के साथ-साथ सेवा और सीखने का जज्बा भी दिखता है।

# भाजपा नेता रघुवंशी ने नवागत टीआई अनुज का किया स्वागत



**सिरोंज।** दीपनाखेडा थाना प्रभारी अनुज प्रताप सिंह का स्थानातरण होने पर भाजपा के वरिष्ठ नेता मान सिंह रघुवंशी द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री रघुवंशी ने थाना प्रभारी अनुज प्रताप सिंह को फूलमाला पहनाकर विदाई दी। तो वही नवागत थाना प्रभारी पूजा रावत का शॉल श्रीफल भेंट कर स्वागत सम्मान किया। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता,राकेश सिंह रघुवंशी,अरविंद सिंह रघुवंशी,अंकित साहू,मोहन सिंह रघुवंशी,बलवीर राजपूत,बलवीर सिंह राजपूत,गजेंद्र सिंह दांगी आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सहकारी समितियों ने सीएम के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**सिरोंज।** सहकारिता विभाग की योजना 5006 में विपणन सहकारी संस्थाएँ, वनोपज समिति, महिला भण्डार, एक महिला स्व सहायता समूह को शामिल कर योजना का लाभ देने की मांग को लेकर गुरूवार को सिरोंज तहसील के समस्त वन समिति,स्व सहायता समूह,मार्केटिंग सोसायटी,उपभोक्ता भंडार के राशन दुकानों के विक्रेतायो ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।



इस अवसर पर उन्होने कहा कि आयुक्त सहकारिता एंव पंजीयक सहकारी संस्थाएँ के पत्र कमांक साख/योजना/2024/1582 भोपाल दिनांक 25.07.2024 के द्वारा प्रदेश की पैक्स एंव लैम्पस समितियों को प्रबंधकीय अनुदान 3 लाख रूपये वार्षिक एंव सार्वजनिक वितरण प्रणाली की उचित मूल्य दुकानों के संचालन हेतु प्रति दुकान प्रति विक्रेत्रा 3 हजार रुपये पारिश्रमिक मानदेय अतिरिक्त 1 अक्टूबर 2023 से दिए जाने के निर्देश दिए गये एंव राशि समितियों के खातों में विधिवत दी जा रही है।

आरामशीन संचालक के विरूद्ध प्रकरण दर्ज

# आरामशीन पर अवैध लकड़ी का चिरान, वन विभाग की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

बारिश के सीजन में जंगल सुनसान रहने से सागौन की अवैध कटाई का जोर बना रहता है। सागौन चोर गिरोहों द्वारा दो पहिया चार पहिया वाहनों का लकडी परिवहन में जमकर उपयोग के अनेक मामले पिछले दिनों सामने आ चुके है। वन विभाग के द्वारा कार्यवाही किए जाने के बाद भी सागौन ही नहीं अन्य प्रजाति की लकडियों का परिवहन और आरा मशीनों पर अवैध रूप से चिरान आम बात बना हुआ है।



### आरामशीन संचालक पर प्रकरण दर्ज

वन विभाग को सूचना मिलने पर फोरलेन-45 पर संचालित होने वाली एमपी सॉ आरामशीन पर वन विभाग द्वारा छापामारी की गई। रेंजर जितेन्द्र तोमर, डिप्टी रेंजर हरनाम सिंह अहिरवार की टीम ने आरोपी संजू अहिरवार को नीम की लकडी का अवैध चिरान करवाते हुए पकड़ा। जांच के दौरान आरोपी संजू अहिरवार एवं आरामशीन संचालक नासिर खांन वैद्य दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर वन विभाग की टीम द्वारा म.प्र. काष्ठ चिरान अधिनियम 1984 और वन उपज अधिनियम 2000 एवं 2022 की धाराओं के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर आरामशीन को जप्त करने की कार्यवाही की गई। नगर में अनेक आरामशीनों का संचालन हो रहा है। जहां चोरी छिपे सागौन सहित अन्य प्रजाति की लकड़ियों का चिरान होता रहता है।

### कटर का उपयोग

ग्रामीण क्षेत्र में लकडी काटने के लिए बिजली, बैट्री से चलने वाले और हाथों से चलने वाले तेज धार वाले आरा कटर का उपयोग कर फर्नीचर सहित अन्य सामग्री का निर्माण भी जमकर होता रहता है। छोटे परंतु तेज धार वाले लकडी काटने वाले आरे का उपयोग वृक्षों की कटाई में भी जमकर उपयोग किए जाने की व्यापक चर्चा बनी हुई है।

# पीएम सम्मान निधि व गरीबी रेखा के हितग्राहियों की होगी जांच

## अपात्र भी उठा रहे शासन की योजनाओं का लाभ, ले रहे राशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

बाड़ी जनपद जिसके अंतर्गत 106 ग्राम पंचायत और बरेली, बाड़ी नगरीय निकाय आते है। हमेशा लोगो द्वारा गरीबी रेखा सूची में नाम जोडने आवेदन देने के साथ कार्ड बनवाने सोर्स लगाये जाते रहते है।

एक बार गरीबी रेखा का कार्ड बना तो फिर मुफ्त राशन और सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ मिलना शुरू हो जाता है। जो वर्षों पूर्व से ही गरीबी रेखा में है। भले ही उनकी आर्थिक उन्नति होने के सम्पन्नता और सुख सुविधाओं के साधन बढ़ गए हो परंतु गरीबी रेखा में रह कर अन्य गरीबों के हक पर डाका डालने सक्रिय बने हुए है।

खाद्य विभाग द्वारा बाड़ी जनपद में 16485 संदिग्ध लोगो की सूची तैयार कर जांच की कार्यवाही प्रारंभ की जा रही है।

### सूची तैयार, होगी जांच

बाड़ी जनपद के ग्रामीण क्षेत्र में 14884, बाड़ी नगर में 565, बरेली नगर में 1036 कुल मिला कर 16485 लोगों की सूची खाद्य विभाग द्वारा तैयार की है। जिनकी जांच होना है कि कौन पात्र है, कौन अपात्र, संदिग्ध अपात्रों के नाम हटाने की प्रक्रिया की जाएगी।

### सम्मान निधि ले रहे

तहसील और बाड़ी जनपद में ऐसे हजारो लोग है, जो पीएम किसान सम्मान निधि ले रहेहै। वास्तव में वह सम्मान निधि के हकदार है या नहीं इसकी भी जांच की जाएगी। जारी गाइड लाइन में आने वालो को ही भविष्य में किसान सम्मान निधि की पात्रता होगी। इसकी विस्तृत जांच होगी।

### इनका कहना है

बरेली नगर के 83 लोगो को विभाग द्वारा नोटिस जारी किए गए जो नियम विरूद्ध शासन की योजना का लाभ ले रहे है। विभाग द्वारा ब्लॉक के अंतर्गत 16 हजार से अधिक संदिग्ध हितग्राहियों के विरूद्ध जांच कार्यवाही की तैयारी की जा रही है।

- **आपूर्ति रावत,** सहायक खाद्य आपूर्ति अधिकारी बरेली।

### जिले में अब तक 943.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज

सागर। सागर जिले में इस वर्षा सीजन में अभी तक 943.1 मि.मी. औसत बारिश दर्ज की गई है।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अजय विश्वकर्मा पुत्र श्री रामचरण विश्वकर्मा एवं श्रीमति कल्पना विश्वकर्मा पत्नि श्री रामचरण विश्वकर्मा निवासीगण ग्राम बेहलोट तहसील गंजबासौदा जिला विदिशा म.प्र. द्वारा मेरे पक्षकार यूग्रो केपिटल लिमिटेड शाखा विदिशा से लोन प्राप्त करने हेतू आवेदन प्रस्तुत किया गया है जिसमें उनके द्वारा स्वयं आधिपत्य का मकान जो ग्राम बेहलोट आराजी 235/2, पटवारी हल्का नं. 24 हिस्सा 750 वर्गफिट जिसकी चतुसीर्माएं उत्तर में -मनोज विश्वकर्मा का मकान ,दक्षिण में- अन्य का खाली प्लॉट, पूर्व में- गली, पश्चिम में- रास्ता है यह कि उक्त संपत्ति श्रीमति कल्पना विश्वकर्मा द्वारा उक्त संपत्ति के पूर्व विक्रेता श्री शोभा माथुर पत्नि श्री रामशंकर माथुर निवासी जवाहर नगर कानपुर उ.प्र. से क्रय की थी जिसकी विक्रय दिनांक 19.04.2010 एवं ग्रंथ नं. 2770 है उक्त मूल विक्रय पत्र श्रीमति कल्पना विश्वकर्मा से कहीं खो गया है उक्त दस्तावेज उक्त संपत्ति की लिंक डीड है जिस पर श्री अजय विश्वकर्मा पुत्र श्री रामचरण विश्वकर्मा एवं श्रीमति कल्पना विश्वकर्मा पत्नि श्री रामचरण विश्वकर्मा निवासीगण ग्राम बेहलोट तहसील गंजबासौदा जिला विदिशा म.प्र. द्वारा लोन प्राप्त करने हेतु मेरे पक्षकार यूग्रो केपिटल लिमिटेड शाखा विदिशा में आवेदन प्रस्तुत किया गया हैं उक्त मकान पर किसी व्यक्ति या संस्था का किसी प्रकार का हक या आपत्ति हो या किसी के पास उक्त संपत्ति बंधक आदि रखी गई हो तो वह उक्त सूचना प्रकाशन के सात दिवस के अंदर मेरे कार्यालय स्थित गोपाल कॉम्प्लेक्स, जिला सत्र न्यायालय के सामने, राजीवनगर, विदिशा, जिला विदिशा, म.प्र. में आकर आपत्ति दर्ज करायें ऐसा ना करने की दशा मैं मेरा पक्षकार कम्पनी उक्त संम्पत्ति पर लोन प्रदान करने अग्रसर होगी समयावधि के बाद किसी प्रकार की दावा आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

भवदीय **आशीष श्रीवास्तव एडवोकेट**
गोपाल कॉम्प्लेक्स, जिला सत्र न्यायालय के सामने, राजीवनगर, विदिशा, जिला विदिशा, म.प्र.
Mob. 9685965100

# 11 वर्षों से फरार आरोपी गिरफ्तार

◆ बगलवाड़ा दिमाड़ा खरीदी केंद्र पर 11 वर्षों पूर्व हुआ था एक करोड़ 42 लाख का गबन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

बगलवाडा दिमाड़ा उपार्जन केंद्र एवं सहकारी समिति में वर्ष 2014 में एक करोड़ 42 लाख की राशि का गबन हुआ था। उक्त मामले में एक को छोड़कर अन्य सभी आरोपियों की पूर्व में गिरफ्तारी हो चुकी थी। एक करोड़ से अधिक राशि के फर्जीवाड़े में आरोपी कंप्यूटर ऑपरेटर कमल धाकड़ फरार चल रहा था। पुलिस द्वारा उस पर 5 हजार रू. का ईनाम भी घोषित किया था।




टीआई कपिल गुप्ता ने बताया कि उक्त मामला 11 वर्षो से पेडिंग चल रहा था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने तत्कालीन कंप्यूटर ऑपरेटर कमल धाकड़ निवासी नयागांव खुर्द पर 5 हजार का ईनाम भी घोषित था, जिसको गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया।

# रिमझिम बारिश से सड़कों पर कीचड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

10-12 दिनों बाद मंगलवार की रात में बिजली की गरज-चमक के साथ बारिश हुई जो बुधवार सुबह तक रूक-रूक कर होती रही। बारिश से मौसम ठंडा हो गया। आधा भादौ का महिना होने को आ रहा है। देश के अन्य प्रदेशों में जमकर बारिश और नर्मदा क्षेत्र बारिश को तरस रहा था। पिछले दो दिनों में मौसम बदलने के साथ हो रही बारिश से किसान क्षेत्र के निवासी बडी राहत महसूस करने लगे है।

बीती रात और बुधवार की सुबह से रूक-रूक कर हो रही कभी धीमी कभी तेज बारिश के कारण भारी गर्मी, उमस से नगर एवं क्षेत्र के निवासियों को राहत मिलना शुरू हो गई है। बारिश से हवाओं में ठंडक आ जाने के साथ दिन-रात का तापमान भी कम हो गया। बारिश न होने से धान की फसलें प्रभावित और कमजोर हो रही थी। अमृत समान हो रही बारिश से धान की फसलों में पानी की कमी दूर होने के साथ भरपूर लाभ होगा। जिससे किसानों के चेहरों पर चमक आने लगी है।



अस्पताल के भीतर और बाहर मरीजों की भारी भीड़, डॉक्टरों की बनी है कमी

# सिविल अस्पताल में तीन गुना अधिक बढ़ी मरीजों की संख्या

◆ वायरल बुखार, सर्दी एवं जुकाम के बढ़े मरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

अभी क्वांर का महिना शुरू नहीं हुआ है। परंतु बारिश, गर्मी और उमस का माहौल क्वांर के महिना जैसा बना रहने से नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में तेजी से बीमारों की संख्या बढ़ रही है। वायरल बुखार, सर्दी, जुकाम और चर्म रोग से पीड़ित मरीजों की तेजी से बढ़ रही संख्या और सिविल अस्पताल में प्रतिदिन सेकडो मरीजों की भीड़ उमड़ रही है। जितनी संख्या में बीमार सिविल अस्पताल पहुंच रहे है।




उतनी ही संख्या में प्रायवेट अस्पतालों और डॉक्टरों की क्लीनिक पर मरीजों की भीड़ लग रही है। सिविल अस्पताल के बाहर पर्चा बनवानें और भीतर डॉक्टरों के यहॉ उपचार और जांच कराने लंबी-लंबी लाइनें लग रही है। रूक-रूक कर बारिश हो रही है। इसी के साथ कभी गर्मी, उमस, कभी बारिश से ठंडक के कारण एवं खाली स्थानों पर भरे पानी में मच्छर, जीव जंतु, कीटाणु और मखिख्यों की तेजी से संख्या बढ़ रही है। मच्छरों की अधिकता और बारिश का दूषित पानी उपयोग करने के कारण तेजी से वायरल बुखार, सर्दी, जुकाम और नमी के कारण त्वचा रोग के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। ग्रामीण क्षेत्र एवं नगर से लगे बाहरी हिस्सों में धान के खेतों में पानी भरा रहने से मच्छरों को पैदा करने की खान बने हुए है।

### सैकड़ों मरीज, डॉक्टरों की लंबे समय से बनी कमी

प्रतिदिन सामान्य से तीन गुना अधिक तक बीमार सिविल अस्पताल उपचार कराने पहुंच रहे है। प्रतिदिन हजार-आठ सौ मरीजों को देखना और उनकी जांच होना, स्वास्थ्य स्टाफ और डॉक्टरों की कमी के कारण कठिन हो रहा है। सिविल अस्पताल में रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों की लम्बे समय से कमी बनी हुई है।

ग्रामीण क्षेत्र के प्राथमिक स्वा. केन्द्रों में भी डॉक्टर न होने के साथ उप स्वास्थ्य केन्द्रों में प्राथमिक उपचार की व्यवस्थाए न होने से सिविल अस्पताल, प्रायवेट अस्पताल और डॉक्टरों के यहॉ मरीजों की भीड़ के कारण लम्बा इंतजार भी मरीजों को करना पड़ रहा है।

### इनका कहना है

ओपीडी में हजार-आठ सौ मरीज आ रहे है। जो सामान्य से दो गुना तक अधिक है। स्टाफ की कमी के बाद भी सिविल अस्पताल आने वाले मरीजों का उपचार किया जा रहा है।

- **डॉ. हेमन्त यादव,** बीएमओ सिविल अस्पताल बरेली।

**प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. लायरा**

पंजीयन क्रमांक 473/16.02.1967 दिनांक 20.08.2025

// वार्षिक आमसभा सूचना //

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति लायरा के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आमसभा दिनांक 30.08.2025, दिन शनिवार को समय दोपहर 1 बजे समिति कार्यालय गोदाम भवन लायरा में आयोजित की गई है। गणपूर्ति कोरम के आभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में स्थगित साधारण सभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर आधा घंटे पश्चात् 1.30 बजे होगी। समस्त सदस्यों को साधारण डाक से सूचना दी गई है, बैठक में आपकी उपस्थिति आवश्यक है।

ओम नारायण दुबे, समिति प्रबंधक, लायरा — नितिन श्रीराव, समिति प्रशासक, लायरा

**बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित रोशन पिपरिया**

पंजीयन क्रमांक 156 दिनांक 30/06/1967 दिनांक 21/08/2025

// वार्षिक आमसभा सूचना //

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित रोशन पिपरिया के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक साधारण सभा की बैठक दिनांक 11.09.2025 दिन गुरूवार को स्थान समिति रोशन पिपरिया गोदाम भवन पर आयोजित की जावेगी समय दोपहर 12.00 बजे आयोजित की गई है। कोरम के अभाव में स्थगित शुदा मीटिंग 30 मिनिट पश्चात् पुनः नियत स्थान पर होगी। जिसमें गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी। समस्त सदस्यों को सभा का विस्तृत एजेण्डा साधारण डाक से भेजा जा रहा है। बैठक में उपस्थिति प्रार्थनीय है।

उमाशंकर चौबे, समिति प्रबंधक — नितिन श्रीराव, प्रशासक

### किसान जागृति संगठन के नेता बोले-किसानों को फसल बीमा बना सिर्फ छलावा

## प्रीमियम भरने के बाद भी खराब फसल का किसानों को नहीं मिल रहा 'क्लेम'

# पीएम फसल बीमा योजना से किसानों का 'मोह-भंग'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले के किसानों के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सिर्फ छलावा साबित हो रही है क्योंकि किसानों को तीन सीजन का फसल बीमा दिया गया है। किसान संगठनों के नेता बोले प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में किसानों को जो राशि मिली है वह 'ऊंट के मुंह में जीरा' के समान है।

कृषि विभाग के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिले के किसानों को लगभग 8 करोड़ 65 लाख रुपए पीएम फसल बीमा योजना की राशि मिली है। यह बीमा क्लेम उनके खातों में जमा कराया जाता है। इसमें वर्ष 2023 के रबी सीजन और वर्ष 2024 के रबी एवं खरीफ सीजन पीएम फसल बीमा योजना की दी गई है। जिले में ढाई लाख किसान फसल बीमा योजना के लिए पंजीकृत हैं।

गौरतलब है कि किसानों की फसलों की सुरक्षा के लिए शुरू की गई प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अब ग्रामीण अंचलों में उम्मीद से ज्यादा निराशा बनती जा रही है। जिले के हजारों किसान हर साल करोड़ों का प्रीमियम तो भरते हैं, लेकिन पिछले तीन वर्षों से एक भी बार फसल बीमा दावा भुगतान नहीं किया। किसानों की लगातार शिकायतें रही हैं कि अतिवृष्टि, ओलावृष्टि और सूखे से फसलों को नुकसान होने के बावजूद न तो सर्वे समय पर होता है और न ही बीमा कंपनियां दावा स्वीकार करती हैं। ऐसे में बीमा योजना किसानों के लिए लाभ के बजाय बोझ बनती जा रही है।

#### करोड़ों रुपए का किसानों ने बीमा प्रीमियम चुकाया...

*जिले के हजारों किसानों ने बीते 3 सालों में पीएम फसल बीमा के तहत करोड़ों रुपए का प्रीमियम चुकाया, लेकिन इसके बाद भी अधिकांश किसानों को आज तक बीमा का लाभ नहीं मिला है। सरकारी आंकड़े बताते हैं कि 3 सीजन में से केवल 2 में ही बीमा राशि का वितरण हुआ, बाकी अभी प्रक्रियाधीन है। ज्ञात हो पिछले 4 सीजन में किसानों ने 670 करोड़ से अधिक की बीमा राशि कवर कराई। लेकिन रबी सीजन सहित मौसमी फसलों के बीमा दावों के नाम पर करोड़ों रुपए का फसल बीमा भुगतान के लिए अटका हुआ है।*

#### किसानों की पीड़ा

कई किसानों ने बताया कि वे साल दर साल बीमा प्रीमियम अपनी खरीफ और रबी फसलों के लिए जमा करते हैं, लेकिन अपेक्षानुरूप लाभ नहीं मिल पाता। उनका यह भी कहना है कि फसल दर फसल बीमा की प्रीमियम राशि जमा करते हैं तो उतना हमको फायदा आखिर क्यों नहीं मिलता है।

भारतीय किसान संगठन के नेता सुनील गौरे, बृजेंद्र बघेल ने बताया कि जिले के लाखों किसान रवि और खरीफ के सीजन में बीमा प्रीमियम की राशि जमा करते हैं। लेकिन जब फसलों को नुकसान होता है ना तो कोई जनप्रतिनिधि खेतों में सर्वे करने पहुंचते और ना जिम्मेदार विभाग के अधिकारी, फसल बीमा के बैंक अधिकारी भी किसानों की ओर कभी मुड़कर नहीं देखते।



#### 3 वर्ष से फसलें हो रहीं बर्बाद, लेकिन नहीं मिला बीमा क्लेम

किसान मलखान सिंह लोधी बारला, राजू प्रजापति कचनारिया, रंजन यादव अमरावद ने बताया कि पिछले लगातार 3 सालों से फसलों को लगातार नुकसान हो रहा है, लेकिन इनमें एक बार भी फसल बीमा का लाभ किसानों को नहीं मिला है। सीएम हेल्पलाइन पर भी शिकायत कर चुके, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। फसल बीमा कंपनी के अधिकारी चुपचाप बैठे रहते हैं और किसान राशि भुगते रहते हैं। सहकारी बैंकों से सोसाइटी में बीमा प्रीमियम की राशि तो जमा करवा ली जाती है, लेकिन उनकी फसलों को नुकसान होने पर वह राशि लौटाई नहीं जाती।

#### बीमा के नाम पर किसान खुद को कर रहे ठगा सा महसूस

किसानों को फसल बीमा वितरित किया है, लेकिन वह ऊँट के मुंह में जीरा के समान है। फसल बीमा कंपनी, बैंक और कृषि विभाग के अधिकारी अपना मत स्पष्ट करें। फसल बीमा प्रीमियम के नाम पर जिले के किसान खुद को ठगा सा महसूस कर रहे हैं।

**- इरफान जाफरी,** किसान जागृति संगठन प्रमुख रायसेन।

#### कृषि और राजस्व की रिपोर्ट पर मिलता है मुआवजा

जिले के करीब ढाई लाख किसानों को 8 करोड़ 65 लाख की बीमा योजना का फायदा दिया गया है। क्योंकि फसल बीमा क्षतिपूर्ति का आंकलन कृषि विभाग और राजस्व विभाग की रिपोर्ट के अलावा बीमा कंपनी द्वारा रिमोट सेंसिंग सर्वे के आधार पर होता है।

**- केपी भगत,** उप संचालक कृषि अधिकारी रायसेन।

### सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा में दिए निर्देश

## कलेक्टर ने दिए आदेश, लंबित शिकायतों का शीघ्र कराएं हल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

गुरुवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित जिला स्तरीय वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा द्वारा विभागवार 50 दिवस से अधिक समयावधि की लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा की।

उन्होंने जिला खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, पीएचई, महिला बाल विकास, नगरीय प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग आदि विभागों की अधिक संख्या में शिकायतें लंबित होने पर नाराजगी व्यक्त की।संबंधित जिला अधिकारियों की कड़ी फटकार लगाते हुए आगामी 5 दिवस में अधिक से अधिक शिकायतों को निराकृत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने समीक्षा के दौरान सभी एसडीएम, जनपद सीईओ और सीएमओ से भी शिकायतें लंबित होने का कारण पूछते हुए कार्यप्रणाली में सुधार लाने की हिदायत दी।

उन्होंने जिले के सभी एसडीएम को फार्मर रजिस्ट्री सहित राजस्व प्रकरणों के निराकरण में भी तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में रायसेन एसडीएम शल मनीष शर्मा सहित कई विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे। राजस्व अनुभागों से एसडीएम, जनपद सीईओ, सीएमओ तथा विकास खंड स्तरीय अधिकारी वीसी के माध्यम से शामिल हुए।

#### कलेक्टर बोले - लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं

कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने अपने सख्त तेवर दिखाते हुए कहा कि सौंपे गए कार्यों में अब लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसकी मॉनिटरिंग रिपोर्ट कलेक्ट्रेट कार्यालय भेजी जाए।

### खबर संक्षेप

#### नगर में सेवा की मिसाल बनी टीम संकल्प

**बाड़ी।** नगर में 24 घंटे सेवा देने वाली टीम संकल्प सेवा की मिसाल बन गई है। टीम संकल्प को रात्रि 11 बजे सूचना मिली कि केमवाली में एक दर्जन से ज्यादा गायों को एक ट्रक ने रौंद दिया है। लगभग 10 गायों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया था एवं 3 गाय गंभीर रूप से घायल थी। टीम संकल्प ने रात में ही वाहन से घायल तीनों गायों को प्राथमिक उपचार के लिए आदर्श गौशाला लेकर पहुंचे। टीम संकल्प ने एनएच-45 पर स्ट्रीट लाइट लगाने की व्यवस्था को लेकर मांग की गई है।

#### आईटीआई में सीएलसी राउंड में प्रवेश प्रारंभ

**रायसेन।** जिले की शासकीय आईटीआई में शेष रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु सीएलसी राउंड में प्रवेश प्रक्रिया प्रांरभ हो गई है। प्रवेश हेतु नवीन पंजीयन, च्वाईस फिलिंग तथा त्रुटि सुधार 22 अगस्त तक किए जा सकते हैं। 25 अगस्त को आवेदक किसी एक शासकीय आईटीआई में उपस्थित होकर किसी एक व्यवसाय में अपनी उपस्थिति दर्ज कर सकेगें। मेरिट सूची 26 अगस्त को जारी की जाएगी और इसी दिन दोपहर 12 बजे से दस्तावेजों का सत्यापन कर प्रवेश की कार्यवाही की जाएगी। रिक्त स्थान होने पर 28 अगस्त को प्रतिक्षा सूची जारी की जाकर इसी दिन दोपहर 12 बजे से प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेश हेतु कक्षा 8वीं, कक्षा 10वीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। शासकीय आईटीआई में स्थापित हेल्पडेस्क, काउंसलिंग, पंजीयन या च्वाईस फिलिंग तथा त्रुटि सुधार की सुविधा उपलब्ध है।

## रोजगार सहायकों ने बीएलओ कार्य मुक्ति दिलाने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी



जिलेभर में रोजगार सहायकों से पंचायत कार्य के अलावा अन्य विभागीय कार्य भी कराए जाते हैं, जिससे रोजगार सहायक पर भारी दबाब रहता है। साथ ही पंचायत संबंधी कार्य समय अवधिक में पूर्ण नहीं हो पाते, जिससे कई बार रोजगार सहायक सरपंच से लेकर वरिष्ठ अधिकारियों तक की नाराजगी को सहना पड़ता है। इसी बात को लेकर गुरुवार को रोजगार सहायकों ने प्रशासन को एक ज्ञापन सौंप कर अपनी व्यथा सुनाई।

बता दें कि 3 वर्ष पूर्व ग्राम पंचायत रोजगार सहायकों को एक आदेश से उन्हें बीएलओ नियुक्ति आदेश दिया गया था। ग्राम पंचायत में विभिन्न कामों के साथ साथ बीएलओ की जबावदारी भी रोजगार सहायकों को दी थी।

रोजगार सहायकों की समस्या को जिला निर्वाचन अधिकारी ने देखते हुए एक आदेश जारी किया कि रोजगार सहायकों को बीएलओ के कार्य से मुक्त किया जाए। परन्तु ब्लॉक अधिकारी इस आदेश का पालन न करते हुए रोजगार सहायकों को आज भी बीएलओ की काम की जबावदारी दिए हुए है।

रोजगार सहायकों ने ज्ञापन सौंपकर आदेश का पालन और मुक्ति आदेश देने की मांग की है।

# पुलिस ने चोरी के ट्रैक्टर समेत आरोपी को किया गिरफ्तार

## सियरमऊ रोड पेट्रोल पंप से चोरी कर भाग रहा था आरोपी, पुलिस ने जमुनिया घाटी पर धर दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

पुलिस ने ट्रेक्टर-ट्राली चोरी कर भाग रहे आरोपी को कुछ ही घंटो में गिरफ्तार करते हुए ट्रैक्टर-ट्राली को भी जब्त लिया। आरोपी पर विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस की सक्रिय कार्रवाही पर नागरिको ने खुशी जाहिर की।

जानकारी के अनुसार फरियादी अनवार खान निवासी डुंगरिया द्वारा पुलिस थाने में दर्ज कराई गई। रिपोर्ट में बताया कि बताया कि उसके द्वारा बुधवार को शाम के समय सियरमऊ रोड स्थित पेंट्रोल के सामने ट्रेक्टर-ट्राली खड़ी कर आवश्यक काम से चला गया, जब वह वापिस आया तो उसे ट्रेक्टर-ट्राली नहीं मिली। आसपास तलाश करने के बाद रात्रि पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। दिन दहाड़े हुई वारदात पुलिस के लिए चुनौती से कम नही थी।

फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने तत्काल ही खुफिया तंत्र को सक्रिय कर नगर से निकले चारो मार्गो पर घेराबंदी की तथा पुलिस लगातार सक्रिय बनी रही। इसी बीच पुलिस को जानकारी मिली कि स्टेट हाईवे 44 स्थित जमुनिया घाटी पर एक युवक तेज रफ्तार से ट्रेक्टर-ट्राली ले जा रहा है। तत्काल पुलिस ने जमुनिया घाटी पर पहुंचकर ट्रेक्टर चालक को रोक पूछताछ की, तब चालक ने ट्रेक्टर-ट्राली चोरी कर लाना बताया। पुलिस ट्रेक्टर-ट्राली व चालक को सिलवानी थाने लेकर आई, जहां चालक से पूछताछ की गई तथा चालक ने जुर्म कबूल किया।



आरोपी शिवचरण

गुरुवार को पुलिस थाने में प्रेस वार्ता में एसडीओपी अनिल मौर्य व टीआई पूनम सविता ने बताया कि आरोपी शिवचरण उर्फ छोटू 25 साल आदिवासी निवासी गगनवाड़ा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी किया ट्रेक्टर- ट्राली को जब्त किया गया।

जब्त किए गए ट्रेक्टर-ट्राली की कीमत 10 लाख रुपए आंकी गई। पुलिस ने आरोपी पर विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया। आरोपी व चोरी गए ट्रेक्टर -ट्राली को पकड़ने में एसडीओपी अनिल मौर्य, टीआई पूनम सविता, निरीक्षक शिवकुमार शर्मा, रामनरेश मस्कोले, प्रशांत रघुवंशी आदि की सराहनीय भूमिका रही।

## देवनगर पुलिस के हत्थे चढ़ा बाइक चोर गिरोह, तीन बाइक की बरामद

**हरिभूमि न्यूज, रायसेन।** देवनगर पुलिस ने एक बाइक चोर गिरोह के 3 सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 3 बाइक बरामद की है। 18 अगस्त को फरियादी शीतल पिता बहादुर सिंह लोधी निवासी सांचेत की रिपोर्ट पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया था।



देवनगर थाना पुलिस ने आरोपी 20 वर्षीय निखिल यादव पिता लखन, 27 वर्षीय ओमप्रकाश पिता गोवर्धन लोधी, 20 वर्षीय नितिन पिता हरिराम यादव सभी निवासी ग्राम किनगी थाना सुल्तानपुर को हिरासत में लेकर पूछताछ कर आरोपियों से चोरी की दो स्प्लेंडर बाइक, एक प्लैटिना बाइक जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया। इसके बाद न्यायालय पेश किया गया है।

कार्रवाई में थाना प्रभारी एसआई हरिओम अस्ताया, नकतरा चौकी प्रभारी एएसआई रामचरण परते, प्रधान आरक्षक कमलेश रघुवंशी, सुरेश कुमार, आरक्षक दीपक बैरागी की सराहनी भूमिका रही।

## अजाक्स के अध्यक्ष बने सरदार सिंह और राकेश गोयल कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

अनुसूचित जाति-जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ अजाक्स की जिला शाखा की नई कार्यकारिणी की चुनाव संबंधी बैठक का आयोजन किया। बैठक में सर्व सम्मति से अजाक्स संघ का गठन किया।

कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया प्रांतीय महासचिव और निर्वाचन प्रभारी गौतम पाटिल तथा भोपाल संभाग के संभागीय अध्यक्ष बंशीलाल धनवाल की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान सरदार सिंह पोर्ते को संघ में जिला अध्यक्ष और नायाब नाजिर के क्लर्क राकेश गोयल को जिला कार्यवाहक अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया। इनके मनोनयन पर अजाक्स संघ से अधिकारी कर्मचारियों द्वारा खुशी का इजहार कर नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूलमालाओं से स्वागत कर बधाई दी है।



## वाहन सारथी एप अपडेट : दो नए मॉड्यूल हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

वाहन सारथी एप अपडेट हो गया है, इसमें दो मॉड्यूल शामिल हुए। अभी तक ऋण लेकर वाहन लेने वाले लोगों को इसकी पूरी किस्त जमा करने के बाद बैंक से एनओसी लेकर हाइपर पर्चेज कटवाने के लिए विभाग के चक्कर लगाने पड़ने थे, लेकिन अब यह सुविधा ऑटोमेटिक कर दी गई है।

इसमें सभी बैंकों को एप से जोड़ दिया गया है। जैसे ही वाहन का ऋण पूरा होगा यह सुविधा ऑटोमेटिक प्राप्त होगी। साथ ही हितग्राही के फोन पर मैसेज भी आएगा कि वह अपना ईआरसी डाउनलोड कर लें। अब तक इसके लिए लोगों को परेशान होना पड़ता था।



वाहन सारथी एप में लोगों को दो नई सुविधाएं दी जा रही है। इसमें विभाग द्वारा ऑटो एचपीटी और ई-डिडेक्शन की सुविधा दी जा रही है। इसमें ई-डिडेक्शन की सुविधा अभी प्रायोगिक तौर पर है। इस सुविधाओं के बाद वाहनों को पूरे नियम एवं दस्तावेज के साथ चलाना जरूरी हो जाएगा। यदि वाहनों में किसी भी प्रकार की कमी है तो टोल क्रॉस करते ही वाहन का चालन कट जाएगा। आरटीओ के लिए वाहन सारथी एप पर शुरू किए जाने वाली दो सुविधाओं को लेकर एनआईसी के एप शुरू किया गया है।

#### अभी प्रायोगिक तौर पर किया गया शुरू

*आरटीओ जगदीश सिंह भील ने बताया कि इस एप पर अब ई-डिडेक्शन की तैयारी की जा रही है। इसमें अब सभी वाहनों के पूर्ण दस्तावेज ऑनलाइन किए जाएंगे। इस एप को टोल नाकों से जोड़ा गया है। ऐसे में यदि किसी भी वाहन के पूर्ण दस्तावेज नहीं है और वह किसी टोल नाके से निकलता है तो उसकी फोटो कैमरे में आते ही उसका चालान कट जाएगा। वाहन रजिस्ट्रेशन, बीमा, प्रदूषण, फिटनेस आदि किसी भी प्रकार की कमी होने पर खुद ही चालान कट जाएगा। यह चालान कितनी अवधि के लिए होगा इस पर अभी विचार चल रहा है। साथ ही इसे अभी प्रायोगिक तौर पर शुरू किया गया है। जल्द ही इसे पूरी तरह से लांच किया जाएगा।*

## ग्राम सभा की बैठक में अतिक्रमण पर हुई चर्चा, हटाने पर बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज



सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत दीवानगंज में ग्राम सभा की बैठक में रोड को लेकर गहन चर्चा हुई। चर्चा में चंद्र मोहन तिवारी, मुकेश साहू, बादाम विश्वकर्मा, प्रभु लाल बंशकार सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि दीवानगंज में रोड पर कई ग्राम ग्रामीण ने आरसीसी रोड से अपने तीन सेट और मकान लगा रखे हैं, जिससे वाहन क्रॉसिंग में वाहन चालक को समस्या आ रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि पहले दीवानगंज में यात्री बस आया करती थी, लेकिन रोड सकड़ा होने से बस ने गांव आना में बंद कर दिया है। अब केवल स्कूल बस सहित अन्य वाहन गांव के अंदर आ रहे हैं, लेकिन उनको भी क्रॉसिंग में समस्या आ रही है। दीवानगंज में अतिक्रमण हटाया जाए।

इस पर दीवानगंज सरपंच गिरजेश नायक, उपसरपंच समीम खान, सचिव रामप्रसाद मालवीय, हल्का पटवारी सुरेश शर्मा ने सहमति जताई है और कहा कि रोड वास्तव में बहुत ही सकड़ा हो गया है इसको चौड़ा होना चाहिए।

ग्राम सभा की बैठक में प्रस्ताव बनाया गया, जिसमें बीच रोड से दोनों तरफ 15-15 फीट रोड को चौड़ा किया जाएगा। इसका एक प्रस्ताव बनाकर नायब तहसीलदार सांची और दूसरा रायसेन कलेक्टर को दिया जाएगा, ताकि दीवानगंज में अतिक्रमण से मुक्ति मिल सके।

ग्राम सभा की बैठक में सहसचिव गायत्री चतुर्वेदी, बादाम विश्वकर्मा, मुकेश साहू, बबलू खान, प्रभु लाल वंशकार, केतन धाकड़ सहित गांव के कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### न किसी का वेतन काटा, ना शिक्षकों की उपस्थिति पर उठे सवाल

#### ई-अटेंडेंस प्रणाली पहले ही माह में सुस्त रफ्तार से चल रही

## ई-अटेंडेंस में जिम्मेदार अधिकारियों की सुस्ती और शिक्षक-शिक्षिकाओं की बनी खमोशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन



जिले में शिक्षकों की उपस्थिति दर्ज करने के लिए गत 1 जुलाई से शुरू की गई हमारे शिक्षक ई-अटेंडेंस प्रणाली पहले ही महीने में सुस्त रफ्तार से चल रही है। जिला शिक्षा विभाग, जिला शिक्षा केंद्र रायसेन ने इसे पारदर्शी, डिजिटल और जवाबदेही सुनिश्चित करने वाली योजना बताते हुए अनिवार्य किया था। लेकिन जमीनी हकीकत में न तो अधिकारियों ने सख्ती दिखाई और न ही शिक्षक इसे गंभीरता से ले रहे हैं।

पहले ही महीने के आंकड़े बता रहे हैं कि ई-अटेंडेंस का लक्ष्य अभी दूर है। न निरीक्षण की सख्ती और न जवाबदेही की कसौटी, नतीजा यह कि डिजिटल उपस्थिति फिलहाल केवल कागजों में ही लागू है। जिले में कुल 5257 शिक्षक कार्यरत हैं। इनमें से करीब 3781 शिक्षकों ने पोर्टल पर लॉगिन किया। लेकिन इनमें से लगभग 2 हजार शिक्षक नियमित उपस्थिति दर्ज कराने में पीछे रह गए।

वहीं,डेढ़ हजार से ज्यादा शिक्षक अब तक ऐप से जुड़े ही नहीं हैं, जिससे साफ है कि उन्होंने मोबाइल में हमारे शिक्षक एप डाउनलोड तक नहीं किया।



#### हम ले रहे गंभीरता

हम ई-अटेंडेंस के मामले को गंभीरता से ले रहे हैं। सभी टीचर एप पर समय पर ई अटेंडेंस दर्ज कराएं। वरना लापरवाह शिक्षकों के विरुद्ध एक्शन लिया जाएगा।

**- टीके रैकवार,** डीपीसी रायसेन

#### तकनीकी खामियां बनी बहाना

शिक्षकों ने भी इस समस्या से बचने नया तरीका ईजाद कर लिया है। उनका कहना है कि कई स्कूलों में इंटरनेट कनेक्टिविटी बेहद कमजोर है, जिससे ऐप खुलने में दिक्कत आती है। कुछ शिक्षक बार-बार लॉगिन फेल होने की शिकायत कर रहे हैं। जबकि कई के मोबाइल फोन तकनीकी रूप से इस एप को सपोर्ट नहीं कर पा रहे। नतीजा डिजिटल उपस्थिति व्यवस्था का उद्देश्य ही अधूरा रह गया है।

#### अधिकारियों की चुप्पी, बढ़ी ढिलाई

गौर करने वाली बात यह है कि अब तक न तो किसी शिक्षक के वेतन पर असर डाला गया और न ही अनुपस्थिति या ऐप का उपयोग न करने पर कोई पूछताछ हुई। अफसरों की इस नरमी से शिक्षकों में भी लापरवाही का भाव बढ़ा है। कुछ शिक्षक मानते हैं कि जब तक एप पूरी तरह स्थिर नहीं हो जाता, तब तक इसकी अनिवार्यता दबाव पैदा कर रही है। उन्हें डर है कि अगर तकनीकी गड़बड़ी का अधिकारियों को अगर पता चल गया तो असलियत की पोल खुल जाएगी।